रैडी, सैट, लर्न

प्रिय परिवार:

तीन-बर्षीय-उम्र के बच्चों को स्कूल के लिये तैयार करने में सहायक एक नये तरीके - रैडी, सैट, लर्न में आपका स्वागत है।

शिक्षा घर से आरम्भ होती है, तथा रैडी, सैट, लर्न परिवारों के लिये एक ऐसा औजार है जिसके प्रयोग से बच्चों को सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। समस्त ब्रिटिश कोलम्बिया के प्रारम्भिक स्कूलों को रैडी, सैट, लर्न के ओपन हाऊस का मेजबान बनने के लिये, तीन-बर्षीय-उम्र के बच्चों और उनके परिवारों को निमन्त्रित करने के लिये आमन्त्रित किया गया है। इस के साथ, यह किट यानिकि थैला आपको घर में अपने बच्चे के साथ काम करने के लिये देते हुये हम अति प्रसन्न हैं।

प्रत्येक बच्चे की स्कूल तथा जीवन में सफलता के लिये पठन एक नींव है, इसीलिये इस किट यानिकि थैले में *एनीमर्शीज़* - नन्हें पढ़ने वालों को लिये पुस्तक की एक प्रति भी शामिल है। हम आपको इस पुस्तक का अपने बच्चे के साथ आनन्द लेने व कहानी और तस्वीरों के बारे में बात करने के लिये कुछ समय निकालने को प्रोत्साहित करते हैं।

इस थैले में आपको *रैडी, सैट, लर्न – आपके प्रीस्कूल जाने वाले बच्चे को स्कूल के लिये तैयार करना* की एक प्रति भी प्राप्त हुई है। यह पुस्तक अपने बच्चे को स्कूल के लिये तैयार करने के आसान तरीकों से भरी पड़ी है। कृपया घर में अपने बच्चे के साथ इन सुझावों की परख करें। प्रेरित हों, और आनन्द लें।

रैडी, सैट, लर्न, बी.सी. के कई परिवारों व समुदायों में पहले से चल रहीं पढ़ने की गतिविधियों को मजबूत करता व सहायता करता है। यह प्रोग्राम बी.सी. को इस महाद्वीप में उत्तम शिक्षा-सम्पन्न, तथा सर्वाधिक शिक्षित क्षेत्र बनाने का हमारा एक तरीका है, और हम आशा करते हैं कि यह किट आपके लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

रैडी, सैट, लर्न के ओपन हाऊस में यदि आप गये हैं और उसके बारे में आपने कोई विचार हों तो कृपया स्कूल के प्रिंसीपल से सम्पर्क करें ताकि वे मिनिस्ट्री ऑव एजुकेशन को दिये जाने वाले स्कूल के मूल्यांकन में आपकी आपकी प्रतिपुष्टि या फीडबैक शामिल कर लें।

आप अपने बच्चे की सहायता कैसे कर सकते हैं, इस पर अधिक जानकारी के लिये अचीव बीसी की वैबसाइट (www.achievebc.ca) देखें।

तैयार हो जाइये... प्रारम्भ कीजिये ..... सीखिये!

शर्ली बांड - Shirley Bond
मिनिस्टर ऑव एजुकेशन एंड डैप्युटी प्रीमियर (एंड मिनिस्टर रिस्पौंसिबल फ़ॉर अर्ली लर्निंग एंड लिटरेसी)

टॉम क्रिस्चनसन - Tom Christensen
मिनिस्टर ऑव चिल्ड्रन एंड फ़ैमिली डिवैलपमैंट

जोर्ज एबॅट - George Abbott
मिनिस्टर ऑव हैल्थ

BRITISH COLUMBIA
The Best Place on Earth

[Hindi]